फोन/Phone: 91-22-6656 5656
91-22-66564021
ई-मेल/Email: dc@mumbaiport.gov.in
वेबसाइट/Website:www.mumbaiport.gov.in

मुंबई पत्तन प्राधिकरण
Mumbai Port Authority

150 Harbour of Progress & Prosperity

SAGARMALA PORT-LED PROSPERITY

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

उप संरक्षक का कार्यालय,
समुद्री विभाग, पोर्ट भवन, पहला माला
शूरजी वल्लभदास मार्ग, बेलार्ड इस्टेट
मुंबई - 400 001
Dy. Conservator's Office,
Marine Department,
Port House, 1st floor,
Shoorji Vallabhdas Marg,
Ballard Estate, MUMBAI - 400 001.

सं.: उ.सं/सी-एसएच/2026/ 1099

27 APR 2026

सेवा में,
1. सभी सम्बंधित कर्मी
2. पत्तन के सभी उपयोगकर्ता
3. मनसा/इनसा
4. सभी जलयान एजेंट/मालिक/प्रबंधक/चार्टर/परिचालक
5. सभी टैंकर जलयान मालिक/प्रबंधक/चार्टर/परिचालक
6. सभी टग मालिक/प्रबंधक/चार्टर/परिचालक
7. सभी जलयानों के मास्टर

## परिपत्र

**विषय: 2026 के मानसून की अवधि के दौरान लंगरगाहों की उपलब्धता**

कृपया ध्यान दें कि सामान्यतः 25 मई से 31 अगस्त तक प्रतिकूल मौसम रहता है। इस अवधि के दौरान आतंरिक बंदरगाह का लंगरगाह संक रॉक प्रकाश स्तम्भ के उत्तर में स्थित प्रतिकूल मौसम सीमा रेखा IV तक सीमित रहता है। अतः इस सीमा के दक्षिण में स्थित लंगरगाहों के उपलब्ध न होने के कारण (पीएलए लंगरगाह सहित) इस अवधि के दौरान कार्गो प्रचालन के लिए उपयोग किए जा सकने वाले लंगरगाहों की संख्या सीमित रहेगी।

मुंबई पत्तन प्राधिकरण द्वारा अधिक से अधिक जलयानों को ठहराने और समायोजित करने का प्रयास किया जाएगा, परन्तु लंगरगाह घाट की उपलब्धता न होने पर लंगरगाह की सुविधा प्रदान करने से इंकार भी किया जा सकता है। कार्गो के प्रहस्तन हेतु लंगरगाह घाटों को 'पहले-आओ-पहले-पाओ' के आधार पर आबंटित किया जाएगा, जबकि अन्य लंगरगाह अल्प अवधि के लिए 'पहले-आओ-पहले-पाओ' के आधार पर ही केवल उन्हीं जलयानों को आबंटित किए जाएंगे जो मुंबई में किसी विशिष्ट कार्य हेतु आए हैं। जिन जलयानों का मुंबई में रुकने का कोई प्रयोजन नहीं है, उन्हें लंगरगाह पर स्थान लेने नहीं दिया जाएगा और उन्हें मानसून के दौरान किसी अन्य स्थान पर आश्रय लेने की सलाह दी जाती है।

प्रवीण 27/05/26

कप्तान प्रवीण कुमार सिंह
(उप संरक्षक)

प्रतिलिपि:

अध्यक्ष की जानकारी के लिए - अध्यक्ष के निजी सचिव।
उपाध्यक्ष की जानकारी के लिए - उपाध्यक्ष के निजी सचिव ।
प्रधान अधिकारी, मर्केंटाइल मरीन विभाग, मुंबई ।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड ।
नौवहन महानिदेशक, मुंबई ।
प्रवर गोदी प्रमुख, इंदिरा गोदी ।
गोदी प्रमुख, जवाहर द्वीप एवं पीरपाव।
गोदी प्रमुख, नियंत्रण स्थानक।
यातायात प्रबंधक, मुंबई पत्तन प्राधिकरण ।
वीटीएस स्टाफ ।